डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

पत्रांक : प्रशा०/1845 /2023 दिनांक : 16/06/2023

समयवृद्धि

प्रेस विज्ञप्ति

डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु सादे कागज पर आवेदन–पत्र समस्त प्रमाण–पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति सहित उचित माध्यम से आमंत्रित किये जाते है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अशंकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु निम्नलिखित अर्हताये निर्धारित है:–

1. उसे विश्वविद्यालय या सम्बद्ध महाविद्यालय में रीडर/प्रवक्ता (चयन वेतनमान)/प्रवक्ता (वरिष्ठ वेतनमान)/पद पर कार्यरत् होना चाहिए।
2. सम्बद्ध कालेजों के प्राचार्य/प्राचार्या जिन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना की पृष्ठभूमि की जानकारी हो तथा रीडर का दर्जा प्राप्त हो, को भी कार्यक्रम समन्वयक की नियुक्ति हेतु विचार किया जा सकता है।
3. वह राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम अधिकारी के पद पर न्यूनतम तीन वर्ष तक कार्यरत् रहा हो।
4. उसे प्रशिक्षण तथा अभिविन्यास केन्द्र/प्रशिक्षण अभिविन्यास तथा अनुसंधान केन्द/ई0टी0आई0 से राष्ट्रीय सेवा योजना पर अभिविन्यास किया होना चाहिए।
5. अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु चयन के समय उसे पचास वर्ष से अधिक आयु का नही होना चाहिए।

समस्त भरे हुये आवेदन पत्र अंतिम तिथि दिनांक 30.06.2023 की अपरान्ह 05:00 बजे तक पंजीकृत डाक से कुलसचिव कार्यालय डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में प्राप्त हो जाने चाहिए। उसके पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही प्रेषित:–

1. अधीक्षक–कुलपति सचिवालय, मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी/समन्वयक/आवासीय संस्थान।
3. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना।
4. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या सम्बद्ध महाविद्यालय।
5. प्रभारी बेव–साइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त महाविद्यालयों की लोगिन में अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
6. विश्वविद्यालय मीडिया, प्रभारी।
7. सम्पादक, दैनिक जागरण/अमर उजाला/हिन्दुस्तान एवं समस्त सम्मानित सम्पादक समाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ कि अपने सम्मानित दैनिक पत्रों में निशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
8. गार्ड फाइल।

कुलसचिव